संक्षिप्त

पुलिस स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

टोंक। राजस्थान पुलिस के 76वां स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन टोंक परेड ग्राउण्ड में परेड का आयोजन व उत्कृष्ट पुलिसकर्मी सेवा मेडल से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विकास सांगवान पुलिस अधीक्षक टोंक द्वारा पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड में सेरेमोनियल परेड की सलामी ली गई, परेड के दौरान बृजेन्द्र सिंह भाटी अति. पुलिस अधीक्षक, श्रीमती गीता अति पुलिस अधीक्षक म.अ.अनु.सैल, सत्यप्रकाश अति. पुलिस अधीक्षक एससी/एसटी सैल टोंक, वृताधिकारी टोंक, निवाई व समस्त थानाधिकारीगण उपस्थित रहे। सेरेमोनियल परेड के बाद जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तम, अति उत्तम, सर्वोत्तम सेवाकमियों को चिन्ह मय प्रमाण पत्र प्रदान किये गये, तत्पश्चात पुलिस स्थापना दिवस समारोह की अधिकारी व जवानों को शुभकामनाएं दी गई।

मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के आवेदन आमंत्रित

कोटपूतली। राज्य सरकार द्वारा बजट 2025-26 की घोषणा संख्या 43 के अंतर्गत मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना 2025 हेतु विशेष योग्यजनों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। योजना के अंतर्गत पात्र विशेष योग्यजनों को स्कूटी प्रदान की जायेगी। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। इच्छुक लाभार्थी निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। यदि आवेदन पत्र में कोई आक्षेप प्राप्त होता है, तो उसकी पूर्ति अंतिम तिथि के 15 दिवस के भीतर सुनिश्चित करनी होगी। अधिक जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अवैध देशी शराब परिवहन करते एक व्यक्ति गिरफ्तार

टोंक। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के परिवहन, भण्डारण व वितरण की रोकथाम के तहत थाना पुलिस टोडारायसिंह द्वारा कार्यवाही की गई, इस दौरान थानाधिकारी टोडारायसिंह हरिराम द्वारा गठित टीम ने थाना क्षेत्र के एलएण्डटी रोड़ पर अवैध देशी शराब के 52 पव्वों के साथ आरोपी आरोपी रामदेव पुत्र सुवालाल जाति खटीक उम्र 55 साल निवासी खटीको का मौहल्ला टोडारायसिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आज न्यायालय में पेश किया जावेगा।

वार्षिक मेला व भण्डारा 18 को

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम टोरडा रामपुरा स्थित श्री श्री 1008 बाबा निर्मल नाथ जी महाराज की वर्षोदी एवं ब्रह्मलीन गद्दीपीठ श्री श्री 1008 बाबा श्री रघुनाथ जी महाराज सामदा वाले का विशाल भण्डारा एवं मेला शुक्रवार 18 अप्रैल को निकटवर्ती ग्राम टोरडा रामपुरा स्थित श्री निर्मल नाथ आश्रम में श्री श्री 108 महंत प्रेमनाथ जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा। इस मौके पर विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालू पंगत प्रसादी ग्रहण करेगें। गुरूवार 17 अप्रैल की रात्रि को सत्संग एवं शुक्रवार 18 अप्रैल को विशाल नेहड़ा कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा।

कैरियर वार्ता का आयोजन 22 को

दौसा। जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर एवं कैरियर वार्ता का आयोजन 22 अप्रेल को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्याम लाल शर्मा ने बताया कि रोजगार सेवा निदेशालय के निर्देशानुसार आयोजित इस एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर एवं कैरियर वार्ता में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित कम्पनियां भाग लेगी। शिविर में भाग लेने वाले आशार्थियों का क्यूआर कोड की सहायता से ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

प्राथमिकता से होगें आम जनता के कार्य : विधायक पटेल

कोटपूतली। विधायक हंसराज पटेल ने क्षेत्र में लगभग 02 करोड़ 28 लाख रूपयों की लागत से बनने वाली 9.12 किमी लम्बी 02 सडकों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पटेल ने ग्राम बसई से कोटपूतली तक 01 करोड़ 25 लाख रूपयों की लागत से बनाई जा रही 05 किमी लम्बी सडक के निर्माण कार्य का पट्टीका का लोकार्पण कर शिलान्यास किया।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पटेल ने कहा

■ 02 करोड़ 28 लाख की लागत से बनने वाली 9.12 किमी लम्बी सडकों का हुआ शिलान्यास

विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक पटेल।

कि क्षेत्र में नवीन सडकों का निर्माण कार्य निरन्तर जारी है। यहाँ के सर्वांगीण विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी। जनता की मुलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यो को प्राथमिकता से करने का प्रयास करेगें।

अध्यक्षता सरपंच कविता मीणा ने की। वहीं सरपंच प्रतिनिधि सत्यवीर मीणा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजवीर यादव, एड. कमल कसाना, हव. कमलेश छावड़ी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, बी एल मीणा समेत अन्य मौजूद रहे। इसी प्रकार विधायक पटेल ने चतुर्भुज से टापरी तक 01 करोड़ 03 लाख रूपयों की लागत से बनाई जा रही 4.12 किमी लम्बी सडक के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

पटेल ने कहा कि सडकों का निर्माण क्षेत्र की निरन्तर प्रगति में सहायक सिद्ध होगा। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष अरूण सैनी, भाजपा नेता जयराम सिंह गुर्जर, ओमी कांवर, रामकुमार कसाना समेत अन्य मौजूद रहे। विधायक पटेल का ग्रामीणों ने जगह-जगह माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

ज्ञापन सौंपा

कोटपूतली। क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के परिसीमन, सीमांकन व पुर्नगठन को लेकर निरन्तर गतिरोध सामने आ रहा है। ग्राम पानेड़ा को ग्राम पंचायत बनार में यथावत् रखने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल व एसडीएम बृजेश चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कृष्ण सिंह, सरपंच विमला देवी, पूर्व सरपंच प्रकाश चंद गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि हनुमान यादव, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि संजय गुर्जर, नंदराम यादव, विक्रम मीणा, कोकद यादव, रघु शर्मा, राजेन्द्र सिंह, बाबूलाल यादव, प्रकाश यादव, कृष्ण जांगिड़, मुखराम मीणा, राजेन्द्र राजपूत, बलवंत यादव, दौलत यादव, राकेश सिंह राजपूत, लोकेश शर्मा, राहुल यादव व शीशराम गुर्जर समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

लू-ताप से बचने की अपील की

दौसा। श्रम विभाग ने गर्मी के मौसम में तापमान में बढ़ोतरी के मद्देनजर औद्योगिक संस्थान, व्यावसायिक संस्थानों, व्यापार संघों एवं अन्य संस्थानों से श्रमिकों को तापघात एवं लू से बचाने के लिए राज्य सरकार की ओर से जारी परामर्शी का पालन करने की अपील की है। श्रम कल्याण अधिकारी राकेश कुमार मीना ने बताया कि गर्मी के मौसम में तापमान में बढ़ोतरी संभव है, जिससे तापघात एवं लू चलने की प्रबल संभावना है।

इससे बचने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें और सुरक्षित रहें। उन्होंने जिले के औद्योगिक संस्थान, व्यावसायिक संस्थानों, व्यापार संघों, कृषि मण्डी के हम्माल एवं अन्य श्रमिकों तथा संस्थान के मालिकों से विशेष अपील की है कि कार्यरत श्रमिकों को जारी परामर्शी के अनुसार गर्मी के मौसम में तापमान में बढ़ोतरी के बारे में अवगत कराएं। हीट वेव से बचने के लिए पीक घंटों में काम नहीं करवाने, संस्थानों पर पीने के पानी, कूलर-पंखों की पर्याप्त व्यवस्थाओं तथा लू-तापघात के लिए आवश्यक ओआरएस एवं प्राथमिक चिकित्सा के आवश्यक दवाओं की व्यवस्था कराएं।

समस्याओं के निराकरण की मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

देवली। देवली शहर वासियों की विभिन्न समस्याएं को लेकर शहर के वरिष्ठ पार्षद भीमराज जैन ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा है।

वरिष्ठ पार्षद भीमराज जैन ने ज्ञापन में बताया कि नगरपालिका क्षेत्र की सड़कें मानसून के दौरान क्षितग्रस्त हो गई थी यहां आज क्षितग्रस्त सड़कों के कारण यातायात में आम जन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक वर्षों से क्षितग्रस्त अवस्था में बनी सड़कों की देखरेख ना तो नगर पालिका प्रशासन कर रहा है ना ही सार्वजनिक निर्माण विभाग कर रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद जैन ने बताया कि शहर का चर्च रोड गहरे गडडो में बुरी तरह तब्दील बना हुआ राहगीरों यह सड़क राहगीरों के लिए परेशानी पैदा कर रही है। इस सड़क पर दर्जनो छोटे-बड़े गड्ढे हो गए हैं।

वरिष्ठ पार्षद भीमराज जैन ने ज्ञापन में उपखंड अधिकारी को यह भी बताया कि राज्य सरकार ने बाढ़ और अतिवृष्टि के दौरान क्षितग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए बजट आवंटित किया था। लेकिन

■ शहर में लगभग एक वर्षों से टूटी चर्च रोड सड़क की मरम्मत नही करने के लिए नगर पालिका और सार्वजनिक विभाग ने हाथ खड़े किये

नगरपालिका ने अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

वहीं पार्षद भीमराज जैन का यह भी कहना है कि अगर नगर पालिका को अतिवृष्टि से सड़कों पर हुए नुकसान के लिए बजट पारित नहीं हुआ तो फिर सार्वजनिक निर्माण विभाग को इन सड़कों की मरम्मत एवं देखकर के लिए बजट पारित हुआ होगा।

ज्ञापन में यह भी बताया कि शहर की मूलभूत सुविधाओं में भी विभिन्न समस्याएं बनी हुई है। जैसे की अभियान्त्रिकी विभाग द्वारा देवली शहर में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। लेकिन पीने का पानी बदबूदार और गंदगी से भरा हुआ नलों में सप्लाई हो रहा है । शहर के मुख्य मार्ग गौरव पथ और जयपुर रोड पर डिवाइडरों के मध्य लगे पोलों पर रोड लाइटें बंद पड़ी हैं।

अधिकारी का कहना है कि शहर के चर्च रोड जनता कॉलोनी रोड के अलावा एक दो रोड और है जो बाढ़ अति वृष्टि के दौरान क्षितग्रस्त हुए थे जिनकी मरम्मत सार्वजनिक निर्माण विभाग देवली को करवानी थी इसके लिए देवली सार्वजनिक निर्माण विभाग को बजट भी पारित हुआ होगा।

अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा का कहना है कि बाढ़ एवं अतिवृष्टि के दौरान देवली शहर की सड़कों की मरम्मत के लिए देवली सार्वजनिक निर्माण विभाग को कोई बजट पारित नहीं हुआ ना ही इनकी मरम्मत किए जाने के लिए आदेश प्राप्त हुए हैं।

देवली सार्वजनिक निर्माण विभाग को देवली शहर के ममता सर्कल से लेकर चर्च रोड के शिव टॉकीज तक नई सीसी सड़क बनाने के लिए बजट पारित हुआ है जिसका टेंडर फरवरी माह में निकाल कर ठेकेदार को कार्य आदेश जारी कर दिए हैं।

विधायक बैरवा को फोन पर जान से मारने की धमकी, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश

दौसा। दलित विधायक डीसी बैरवा को फोन पर जान से मारने की धमकी और अभद्र भाषा के प्रयोग को लेकर दौसा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश बुधवार को सड़कों पर फूट पड़ा। कलेक्ट्रेट पर हुए उग्र प्रदर्शन में सैकड़ों एनएसयूआई और कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और 24 घंटे में दोषी की गिरफ्तारी की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में घुसने की कोशिश करने लगे, जिस पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। पुलिस ने बैरिकेड लगाकर भीड़ को रोकने की कोशिश की, लेकिन गुस्साए युवाओं ने बैरिकेड लांघते हुए अंदर जाने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधायक से जिस तरह से आपत्तिजनक भाषा में बात

कांग्रेस कार्यकर्ता ने दोषी की गिरफ्तारी की मांग की।

की गई और जान से मारने की धमकी दी गई, वह न सिर्फ घोर निंदनीय है एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा, अगर एक दलित विधायक के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है, तो आम जनता कितनी सुरक्षित है, इसका अंदाज़ा लगाया जा सकता हैप्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधीक्षकसे मुलाकात कर आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी और विधायक की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की।उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो दौसा की जनता युवा मोर्चे के साथ मिलकर उग्र जनांदोलन छेड़ेग।

कार्यक्रम आयोजित

दौसा। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिविल लाइन में मंगलवार को स्काउट गाइड के एडवांस कोर्स के प्रशिक्षणार्थियों के कैंप फायर के दौरान रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य केएल मीणा ने बताया कि विद्यालय में 10 अप्रेल से 16 अप्रेल तक संचालित किए गए सात दिवसीय स्काउट गाइड के एडवांस कोर्स में जयपुर व आगरा संभाग की 121 स्कूलों के 130 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस आवासीय प्रशिक्षण में 45 महिला शिक्षक भी गाइड के रूप में शामिल रहे। इन्हें विभिन्न ग्रुपों में बांटकर सप्ताह भर की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय में कैंप फायर के दौरान सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर मनमोहन मीणा तथा एसडीएम मूलचंद लूणिया की उपस्थिति में प्रतिभागियों कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत जेल में युवा बंदियों को दी कानून की जानकारी

किशनगढ़बास। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर व अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति एवं अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 02 जगदीश चंद्र के निर्देशानुसार पी एल वी सूरजभान कछवाहा व सचिव हेमराज परेवा के द्वारा अखिल भारतीय कानूनी साक्षरता एवं कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (पैन इंडिया केम्पन) के तहत युवाओं की बहाली- अखिल भारतीय अभियान 2024 के सम्बन्ध में उपकारागृह किशनगढ़ बास में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

आयोजित उक्त जागरूकता शिविर के दौरान तालुका विधिक सेवा समिति के पी एल वी सूरजभान कछवाहा नें उपस्थित बंदीगण को युवाओं की बहाली, अखिल भारतीय अभियान 2024 के सम्बंध में विस्तृत रूप से अवगत

किशनगढ़ बास जेल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर जानकारी देने पहुंचे पीएलवी सूरजभान।

करवाया। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद सभी बंदीजन जो अपराध घटित होने की तिथि पर नाबालिग विचाराधीन कैदी या दोषी होने का दावा करते हैं, उनके किशोर होने के दावे के आवेदन या तो लम्बित हैं या दायर नहीं किए गए हैं, की पहचान कर उनको आवश्यक विधिक सहायता प्रदान की जानी है। इस मौके पर उपस्थित बंदीगण को उपरोक्त सम्बन्ध में जागरूक

■ जेल सुपरिंटेंडेंट ने किया निरीक्षण

किया गया। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उक्त जागरूकता शिविर के दौरान कारापाल रामेश्वर लाल चौधरी, जेल प्रहरी सहित विचाराधीन बंदीगण उपस्थित रहे वही उपकारागृह किशनगढ़ बास में गुरुवार को जेल सुप्रीमडेंट शिवम शर्मा ने वार्षिक निरीक्षण किया। जेल सुप्रीमडेंट शिवम शर्मा ने उपकारागृह किशनगढ़ बास में पहुँच कर बंदियों की सभी व्यवस्थाएं देखी। इस मौके पर उन्होंने बंदियों की मुलाकात व्यवस्था, सुरक्षा जाप्ता, बंदियों की बैरिक व्यवस्था, रसोई व्यवस्था एवं जल व्यवस्था व बिजली व्यवस्था की जानकारी ली।इस अवसर पर जेलर रामेश्वर लाल चौधरी सहित प्रहरी तेज सिंह व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी गाड़ी नंबर RJ 32 CA 4513 मेरे पति श्री सुल्तान जी के नाम है, उनके देहांत के बाद अब यह गाड़ी उनकी पत्नी श्रीमती सूरजी देवी के नाम से ट्रांसफर होनी है । अगर किसी को कोई आपत्ति है तो, सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में जिला परिवहन कार्यालय में संपर्क करें .
आज्ञा से-जिला परिवहन अधिकारी कोटपूतली

Name change
I, hitherto known as PARSHURAM DAGUR S/O SHRI ATAR SINGH R/O P O JATNAGLA TEH HINDAUNCITY, JATNAGLA TEH HINDAUNCITY, JATNAGLA, KARAULI, RAJASTHAN, 322236 have changed my name and shall hereafter be known as PARASHURAM DAGUR.

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई- निविदा सूचना
वरि. मंडल बिजली इंजीनियर / टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी और से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं.: 28-TRD-BKN-ETender-2024-25-R. Name of work:** TRD modification work in c/w Engg. Works of Ballast depot, TWR, TBR, SEJ, TTR, TRR in Anupgarh-Suratgarh-Lalgarh-Kolayat-Phalodi & Lalgarh-Ratangarh section over Bikaner Division. **Approx Cost of the work :** ₹1,00,60,511.1 **EMD/SD (Rupees):** ₹ 2,00,300.00. **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 08.05.2025** को **15.00** बजे तक। **ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 08.05.2025** को **15.00 बजे** के बाद। **437-AR/25**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

हैतुक दर्शित करने के लिए सुचना
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जोबनेर जिला जयपुर
प्रार्थना पत्र बाबत् धारा 111 / 128 एल.आर.एक्ट.
प्रार्थना पत्र संख्या 2023/124
1. अमित 2. लोकेश 3. हेमेन्द्र पुत्रांन गोपाल अग्रवाल प्लाट नम्बर 398 रानी सत्ती नगर अजमेर रोड़ जयपुर
बनाम
1. गोपाल सिंह पुत्र प्रभु सिंह जाति राजपुत मं. नं 22 ए कल्याणपुरी कॉलोनी गोविन्दपुरा कालवाड रोड जयपुर राजस्थान।
उक्त प्रकरण में प्रार्थीगण ने इस न्यायालय मे यह निवेदन किया है कि खसरा नम्बर 1683/1 रकबा 3.5027 व खसरा नम्बर 1683/2 रकबा 2.3773 हैक्टेयर आराजी वाके ग्राम माच्छरखानी तहसील जोबनेर जिला जयपुर राजस्थान के उक्त खसरो पर पत्थरगढी हेतु
अतः आपको चेतावती दी जाती है कि आप आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 30.05.2025 को 10 पूर्वान्ह में स्वंय या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रुप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश कि सुनवायी और उसका निपटारा एक पक्षीय रुप से किया जावेगा। यह आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कि मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
गोल मोहर
उपखण्ड अधिकारी
जोबनेर, जयपुर

E-Auction For Salvage Disposal of Fire Affected Ferrous and Non Ferrous Metal
E-Auction forms are invited for participating in e-auction for Disposal of Salvage of **Fire Affected Stock (Ferrous and Non-Ferrous Metal) "As Is Where Is"** basis, belonging to **M/s Yash International, Jaipur.**
Inspection can be done till: **26/04/2025 Till 12 pm (Prior Appointment) Contact: Mukul Gupta +91-9999707373, Date of E-auction is 26/04/2025 from 4 pm onwards**
E auction Forms with Earnest Money Deposit (EMD) to be submitted latest by **26/04/2025** up to by **2 PM** at the auctioneer's address OR at seller's address.
E-Auction Portal is **www.rlasalvage.auction,** visit and register yourself.
Forms can be obtained from the details given below:
For Inquiries please Contact:
Mr. Mukul Gupta: +91-9999707373 R L Agarwal Salvage Solution LLP, Plot No. 18, Block C2, Sushant Lok Phase-1, Gurgaon-122002.

नाम परिवर्तन
मेरा नाम गम बहादुर था। अब मैंने बदलकर गम बहादुर गुरूंग पुत्र नन्द मान रख लिया है। भविष्य में मुझे गम बहादुर गुरूंग के नाम से जाना जावे। गम बहादुर गुरूंग-कानि.नं.412, सी.आई.डी. (सी.बी.) राजस्थान, जयपुर। पता- राजस्थान पुलिस एकडेमी, आई ब्लॉक L.S.Q. No. 761, जयपुर

I, Pradip Kumar R/o 34 Anjani Nagar, Jaipur, have changed my son's name from Aman to Aman Choudhary vide affidavit No 5394299

खोया पाया
स्वर्गीय मिलापचंद जैन द्वारा प्रदीप कुमार जैन के पक्ष में की गई वसीयत सीरियल नंबर 2010052011050 की कहीं गुम हो गई है जिसे मिले पहुंचाने का कष्ट करें। संपर्क प्रदीप जैन, मोबाइल- 9352222466

मेरे मकान- 120/89 मानसरोवर जयपुर का Allotment Letter, Handing Over Cum Possession Letter खो गया है मिलने पर सूचित करें- 9413657244

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की आवासीय योजना स्वर्ण विहार जेडीए स्कीम, जयपुर के प्लॉट नम्बर 182 का मूल आवंटन पत्र, मूल कब्जा पत्र कही गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें। - मिथलेश कुमारी गर्ग मोबाईल नम्बर 9314873682

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर
5वी व 6ठी मंजिल नेहरू सहकार भवन 22 गोदाम सर्किल, जयपुर Phone:141-2741805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
क्रमांक-17/25 दिनांक-15/04/2025
आम सूचना आवासन संघ की आवासीय योजना सहयोग अपार्टमेंट विद्याधर नगर, जयपुर का फ्लैटसंख्या-टी-1/9 बीएसएफ, श्रीमती मनीषा माथुर को आवंटित किया गया था, जिसे श्रीमती माथुर द्वारा श्री संतोश मोदी पुत्र श्री विष्णुदत्त मोदी को विक्रय करने पर श्री मोदी के नाम ट्रांसफर कर उनके नाम 31.01.2000 को कन्वेन्स डीड जारी कर रजिस्ट्री करवा दी गई थी। उक्त फ्लैट श्री मोदी द्वारा श्रीमती विनोद कुमारी पत्नि श्री विजयपाल सिंह द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से विक्रय किया गया। तत्पश्चात् श्रीमती विनोद कुमारी से उक्त फ्लैट को श्रीमती रेणु शर्मा पत्नि श्री ओमप्रकाश द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से क्रय कर उनके नाम ट्रांसफर कराने हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त फ्लैट के हस्तांतरण पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त फ्लैट संख्या-टी-1/9 बीएसएफ. श्रीमती रेणु शर्मा पत्नि श्री ओमप्रकाश के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा। **(योगेश शर्मा) प्रबंध निदेशक**

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/164
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री दिनेश कुमार वड़ाया, 147, गली नं. 6. बरकत नगर टोंक फाटक, जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास विद्या फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट, शॉप नं. 53, मुक्तानंद नगर, त्रिवेणी फ्लाईओवर के पास, गोपालपुरा बायपास, जयपुर (राज.) के सम्बन्ध में अठिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है। में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 07-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 12/06/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/152
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री KANA RAM KUMHAR, SHRI RAM KRIPABHAWAN PRAJAPAT MOHALLA, BORAJ JAIPUR, RAJASTHAN ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्रीदक्ष सेवा संस्थान बोराज, PLOT NO 129 KUMHARO KA MOHALLA, BORAJ TEHSIL MOJAMABAD, DUDU, JAIPUR RAJASTHAN के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 07-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 12/06/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग जयपुर-प्रथम

सूचना
मैं कि गिरीशचन्द पुत्र श्री बिहारीलाल आयु 66 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी प्लॉट नम्बर ए-151, नारायण सागर, असरपुरा, मानसरोवर, जयपुर (राज.) हाल निवासी ग्राम पिघूना तहसील उज्जैन जिला भरतपुर (राज.) का हूं। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे दोनों पुत्र सचिन कुमार व सुरेन कुमार पंचौली व इनकी पत्नियां अनीता व उमा व्यास गलत संगत में पड़ गये हैं। आये दिन लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व गाली-गलौच करते रहते हैं। इनको काफी समझाया लेकिन मानते नहीं हैं, अपनी मनमर्जी करते हैं। इसलिये मैंने दोनों पुत्र सचिन कुमार व सुरेन कुमार पंचौली व इनकी पत्नियां अनीता व उमा व्यास को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। अगर ये किसी से किसी भी प्रकार का कोई लेन देन या अन्य कृत्य करते हैं तो वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का उनसे कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है।

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 14/25
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम रामगोपाल पुत्र स्व.श्री रामकल्याण निवासी बी-162, जे.डी.ए. कॉलोनी, मालवीय नगर जयपुर
विवाद स्थान बैंक ICIC बैंक मालवीय नगर जयपुर
मृतक नाम लादी देवी खाता संख्या 675601426237 की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 17.05.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम लादी देवी पत्नि महादेव शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी J.D.A. कॉलोनी मालवीय नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 14 माह 05 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 16 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
सरिश्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
मोहर अदालत
संख्या 10 जयपुर महानगर प्रथम
न्यायालय सांगानेर

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं.